One should not consume intoxicating beverages in Guru's ashram. One should not casually stroll within Guru's abode. A person should—not give deeksha (initiate someone, to make someone his own disciple) to other people, should not give guidance and display his dominance over other people, or give orders to Guru—such actions are prohibited at Guru's āśrama.

नापोश्रमं च पर्यकं न च पादप्रसारणम् ।
नाङ्गभोगादिकं कुर्यान्न लीलामपरामपि ।। ६७ ।।

Nāpośramaṃ Ca Paryakaṃ Na Ca Pādaprasāraṇam I
Nāṅgabhogādikaṃ Kuryānna Līlāmaparāmapi II 67 II

गुरु के आश्रम में अपना घर या पलंग नहीं बनाना चाहिए। गुरुदेव के सामने पैर नहीं पसारने चाहिए, शरीर के भोग और अन्य लीलाएँ नहीं करनी चाहिए।

A person should not make his Guru's ashram his permanent home or even make his bed. In front of Guru, one should not sit pointing his feet toward Guru, and one

should not involve in sensual pleasures or other pleasure-seeking activities.

गुरुणां सदसद्वापि यदुक्तं तन्न लंघयेत् ।
कुर्वन्नज्ञां दिवारात्रौ दासवन्निवसेद् गुरौ ।। ६८ ।।

Guruṇāṃ Sadasadvāpi Yaduktaṃ Tanna Laṃghayet I
Kurvannajñāṃ Divārātrau Dāsavannivased Gurau II 68 II

दिन हो या रात हो, सदैव गुरु की आज्ञा का पालन करना चाहिए। गुरुदेव की बात सच्ची हो या झूठी, उनकी बात का कभी उल्लंघन नहीं करना चाहिए, उनके सान्निध्य में दास बनकर रहना चाहिए।

One should follow Guru's order all day and night. Either Guru's words seem true or untrue, one should never oppose Him. In Guru's association, a student should live just like a servant.

आदत्तं न गुरोर्द्रव्यमुपभुंजीत कर्हिचित् ।
दत्तं च रंकवद् ग्राह्यं प्राणोऽप्येतेन लभ्यते ।। ६९ ।।

Ādattaṃ Na Gurordravyamupabhuṃjīta Karhicit I
Dattaṃ Ca Raṃkavad Grāhyaṃ Prāṇo'pyetena Labhyate II 69 II

जो वस्तु गुरुदेव ने नहीं दी हो, उस वस्तु का उपयोग कभी भी नहीं करना चाहिए। गुरुदेव की दी हुई वस्तु को गरीब की तरह ग्रहण करना चाहिए। उससे प्राण को भी प्राप्त किया जा सकता है।

One should not use anything that has not been given by his Guru. Whatever Guru Dev gives to a student, he should receive it like a beggar. A gift given by the Guru to an individual is very precious; it can potentially save him from death.

पादुकासनशय्यादि गुरुणा यदाभिष्टितम् ।
नमस्कुर्वीत तत्सर्वं पादाभ्यां न स्पृशेत क्वचित् ।। ७० ।।

Pādukāsanaśayyādi Guruṇā Yadābhiṣṭitam I
Namaskurvīta Tatsarvaṃ Pādābhyāṃ Na Spṛśeta Kvacit II 70 II

चरण पादुका, आसन, बिस्तर आदि जो कुछ भी सद्गुरुदेव के उपयोग में आता है उन सब वस्तुओं को प्रणाम करना चाहिए, उनको कभी पैर से नहीं छूना चाहिए।

A student should bow to all those things that SadhGuru Dev uses like sleepers, seat, bed, etc. He should not touch those things with his feet.

गच्छतः पृष्ठतो गच्छेत् गुरुच्छायां न लंघयेत् ।
नोल्बणं धारयेद्वेष नालंकारांस्ततोल्बणान् ।। ७१ ।।

Gacchata: Pṛṣṭhato Gacchet Gurucchāyāṃ Na Laṃghayet I
Nolbaṇaṃ Dhārayedveṣa Nālaṃkārāṃstatolbaṇān II 71 II

चलते समय गुरुदेव के साथ-साथ नहीं चलना चाहिए, उनके पीछे चलना चाहिए। गुरुदेव की परछाई का भी उल्लंघन नहीं करना चाहिए। गुरुदेव के सामने कीमती वेशभूषा, आभूषण आदि को धारण नहीं करना चाहिए।

A student should not walk side-by-side (adjacent to) of his Guru Dev; he should walk behind his Guru. He should not even cross the shadow of his Guru. In front of his Guru, he should not wear expensive clothes, jewelry, etc.

गुरुनिन्दाकरं दृष्टवा धावयेदथ वासयेत् ।
स्थानं वा त्तपरित्याज्यं जिह्वाच्छेदाक्षमो यदि ।। ७२ ।।

Gurunindākaraṃ Dṛṣṭavā Dhāvyedatha Vāsayet I
Sthānaṃ Vā Ttaparityājyaṃ Jihvācchedākṣamo Yadi II 72 II

सद्गुरु देव की निंदा करने वाले को देखकर यदि उसकी जिह्वा काट डालने में समर्थ न हो तो उसे अपने स्थान से भगा देना चाहिए। वह यदि उस स्थान पर ठहरे तो स्वयं उस स्थान का त्याग कर देना चाहिए।

In a situation, if someone else criticizes SadhGuru Dev, if a student does not have the capability to quieten him, he should ask that person to leave that place. Otherwise, if that person (the one who criticized) resides in that place, then the Guru's devotee should immediately move out of that place.

मुनिभिः पन्नगैर्वापि सुरैर्वा शापितो यदि ।
कालमृत्युभयाद्वापि गुरुः संत्राति पार्वति ।। ७३ ।।

Munibhi: Pannagairvāpi Surairvā Śāpito Yadi I
Kālamṛtyubhayādvāpi Guru: Saṃtrāti Pārvati II 73 II

हे पार्वती—मुनियों, पन्नगों और देवताओं के शाप से तथा काल (यम) के आने पर भी तथा मृत्यु के भय (डर) से भी गुरुदेव अपने शिष्य को बचा सकते हैं।

O' Pārvatī, Guru can save his devotee from curses of sages, serpents, and celestial beings (devatā); Guru can save him from the fear of death when Yama (Sanskrit: death God) arrives.

विजानन्ति महावाक्यं गुरोश्चरणसेवया ।
ते वै संन्यासिनः प्रोक्ता इतरे वेषधारिणः ।। ७४ ।।

Vijānanti Mahāvākyaṃ Guruścaraṇasevayā I
Te Vai Saṃnyāsinaḥ Proktā Itare Veṣadhāriṇa: II 74 II

गुरुदेव के श्री चरणों की सेवा करके जो संन्यास का अर्थ समझ जाते हैं (काम्यानां कर्मणां न्यासं संन्यासं कवयेविदुः) वे ही सच्चे संन्यासी हैं, अन्य तो मात्र वेश धारी हैं।

Those who understand the meaning of saṃnyāsa (Sanskrit: renunciation), after being in service at the Lotus-feet of Guru, they are the real renunciates, others are merely clad in sādhū's clothes.

नित्यं ब्रह्म निराकारं निर्गुण बोधयेत् परम् सत्यचिद्घनम् ।
भासयन ब्रह्मभावं च दीपो दीपान्तर यथा ।। ७५ ।।

Nityaṃ Brahma Nirākāraṃ Nirguṇa Bodhayet Param Satyaciddhanam I
Bhāsayana Brahmabhāvaṃ Ca Dīpo Dīpāntara Yathā II 75 II

गुरु वे हैं जो सदैव निर्गुण, निराकार, परम ब्रह्म का ज्ञान देते हैं। जैसे एक दीपक दूसरे दीपक को प्रज्ज्वलित करता है, वैसे ही गुरु भी अपने शिष्य के भीतर ब्रह्मज्ञान प्रकट करते हैं।

Guru is the one who gives the knowledge of the Supreme Brahma that is formless and without any attributes. Just like a candle lights another candle with its light, similarly, Guru transmits this supreme knowledge and gives enlightenment to His student.

गुरुप्रसादतः स्वात्मन्यात्मारामनिरीक्षणात् ।
समता मुक्तिमार्गेण स्वात्मज्ञानं प्रवर्तते ॥ ७६ ॥

Guruprasādata: Svātmanyātmārāmanirīkṣaṇāt I
Samatā Muktimārgeṇa Svātmajñānaṃ Pravartate II 76 II

श्री सद्गुरुदेव की कृपा से ही शिष्य अपने भीतर ही आत्मानन्द प्राप्त करके समता व मोक्ष के मार्ग के द्वारा ब्रह्मज्ञान को उपलब्ध होता है।

It is only by the grace of Śrī SadhGuru Dev that a student finds supreme happiness within, experiences oneness, obtains to mokṣa (Sanskrit: absolute freedom from all misery, absolute happiness), and becomes enlightened.

स्फटिके स्फाटिकं रुपं दर्पणे दर्पणो यथा ।
तथात्मनि चिदाकारमानन्दं सोऽहमित्युत ।। ७७ ।।

Sphaṭike Sphāṭikaṃ Rupaṃ Darpaṇe Darpaṇo Yathā I
Tathātmani Cidākāramānandaṃ So'hamityuta II 77 II

जैसे स्फटिक मणि में स्फटिक मणि तथा दर्पण में दर्पण दिखाई देता है, उसी प्रकार शिष्य भी गुरुदेव की कृपा से आत्मा में जो चित और आनंद दिखाई देता है वह मैं हूँ, ऐसा समझ पाता है।

Like an image of quartz is seen within the quartz rock, a mirror is seen within a mirror, likewise, with the grace of Guru, a student also realizes that he is none other than the consciousness and bliss of the Ātmā (Sanskrit: Self) within.

अंगुष्ठमात्रं पुरुषं धयायेच्च चिन्मयं हृदि ।
तत्र स्फुरति यो भावः श्रुणु तत्कथयामि ते ।। ७८ ।।

Aṃguṣṭhamātraṃ Puruṣaṃ Dhayāyecca Cinmayaṃ Hṛdi I
Tatra Sphurati Yo Bhāva: Śruṇu Tatkathayāmi Te II 78 II

हृदय में अंगुष्ठ परिमाण वाले चैतन्य पुरुष का ध्यान करना चाहिए। वहां जो भाव अंकुरित होता है वह मैं तुम्हे कहता हूँ उसे सुनो।

Of the size of the thumb, that conscious Puruṣa (Sanskrit: Self, God) resides in our heart; focusing on that generates a mental impression (emotions) that I now tell you.

अजोऽहम अमरोऽहम् च ह्यानादिनिधनो ह्याहम् ।
अविकारश्चिदानन्दो ह्याणीयान् महतो महान् ।। ७९ ।।

Ajo'hama Amaro'ham Ca Hyānādinidhano Hyāham I
Avikāraścidānando Hyāṇīyān Mahato Mahān II 79 II

मैं अजन्मा हूँ, मैं अमर हूँ, मेरा आदि, मध्य, अन्त नहीं है। (आदि-मध्य-अन्तहीन) मैं निर्विकार हूँ। मैं चिदानन्द हूँ। मैं निर्गुण हूँ। मैं अणु से भी छोटा हूँ। मैं महान से भी महामहान हूँ।

I am unborn and immortal. I have no beginning, no middle, and no end; I am changeless. I am consciousness and bliss. I have no attributes or qualities. I am smaller than the smallest form of matter (an atom). I am greater than the greatest.

अपूर्वमपरं नित्यं स्वयं जयोतिर्निरामयम् ।
विरजं परमाकाशं ध्रुवमानन्दमव्ययम् ।। ८० ।।
अगोचरं तथाऽगंम्य नाम रूपविवर्जितम् ।
निःशब्दं तु विजानीयात्स्वभावाद् ब्रह्म पार्वति ।। ८१ ।।

Apūrvamaparaṃ Nityaṃ Svayaṃ Jayotirnirāmayam I
Virajaṃ Paramākāśaṃ Dhruvamānandamavyayam II 80 II
Agocaraṃ Tathā'gaṃmya Nāma Rūpavivarjitam I
Ni:Śabdaṃ Tu Vijānīyātsvabhāvād Brahma Pārvati II 81 II

हे देवी—ब्रह्म को स्वभाव से ही पहले जिससे पूर्व कोई नहीं है, ऐसा अद्वितीय, नित्य, ज्योतिस्वरूप, निरामय, निर्मल, परम आकाश स्वरूप, अचल, आनन्द स्वरूप, अविनाशी अगम्य अगोचर, नाम और रूप से रहित निःशब्द जानना चाहिए।

O' Devi, Brahma (Sanskrit: Self) should be perceived, understood as the one, before which, nothing exists. Brahma is non-dual, eternal, changeless, like a light, pure, devoid of any impurities, taintless, supreme, unmoving, blissful, indestructible, infinite like the sky, unseen, hidden (beyond mind, which cannot be perceived through sense organs), beyond all names and forms.

यथा गन्धस्वभावत्वं कर्पूरकुसुमादिषु ।
शीतोष्णत्वस्वभावत्वं तथा ब्रह्मणि शाश्वतम् ।। ८२ ।।

Yathā Gandhasvabhāvatvaṃ Karpūrakusumādiṣu I
Śītoṣṇatvasvabhāvatvaṃ Tathā Brahmaṇi Śāśvatam II 82 II

जिस प्रकार कपूर, फूल इत्यादि में गंधत्व (सुगन्ध) का स्वभाव होता है। जैसे अग्नि का स्वभाव उष्णता है, यदि अग्नि को प्यार से भी छुआ जाए तो वह जलाती है। उसी प्रकार जल में शीतलता स्वभाविक है। इसलिए ब्रह्म में शाश्वतता भी स्वभाव सिद्ध है।

Like camphor and flower, naturally have a fragrance. Similarly, fire’s essential character is to burn; even if someone touches the fire with love, it will burn him. Likewise, coolness is an inherent property of water. In the same way, Brahma (Sanskrit: Self, God) is fundamentally eternal. [In Guru Gītā, Brahma is equated to Guru, indicating Guru is beginning-less and end-less, further implying that Guru is none other than Self].

यथा निजस्वभावेन कुंडलकटकादयः ।
सुवर्णत्वेन तिष्ठन्ति तथाऽहं ब्रह्म शाश्वतम् ।। ८३ ।।

Yathā Nijasvabhāvena Kuṃḍalakaṭakādaya: I
Suvarṇatvena Tiṣṭhanti Tathā'haṃ Brahma Śāśvatam II 83 II

जिस प्रकार कटक, कुंडल आदि आभूषण स्वभाव से सुवर्ण हैं, उसी प्रकार मैं स्वभाव से ही शाश्वत ब्रह्म हूँ।

Like gold ornaments such as bangles, earrings, etc. have the fundamental element of gold; likewise, I am primarily an eternal Brahma (Sanskrit: Self).

स्वयं तथाविधो भूत्वा स्थातव्यं यत्रकुत्रचित् ।
कीटो भृंग इव ध्यानाद्यथा भवति तादृशः ।। ८४ ।।

Svayaṃ Tathāvidho Bhūtvā Sthātavyaṃ Yatrakutracit I
Kīṭo Bhṛṃga Iva Dhyanadyatha Bhavati Tādṛśa: II 84 II

स्वयं वैसा होकर किसी न किसी स्थान में रहना जैसा भृंगी एक कीड़े को ले जाकर दीवार पर अपने रहने की जगह बंद कर देता है और वह कीड़ा उसका चिंतन करते-करते ही अपने पहले शरीर के त्याग किये बिना ही भृंगी कीड़ा बन जाता है।

Using one’s power of attention, one may become like another person while still being in one’s place. An insect, bhṛṃgī picks up an insect from outside and situates it in its comb and later shuts the door. After a while, inside the comb, that insect becomes like bhṛṃgī, without giving up its original body, by continually concentrating on bhṛṃgī.

गुरोर्ध्यानेनैव नित्यं देही ब्रह्ममयो भवेत् ।
स्थितश्च यत्रकुत्रापि मुक्तोऽसौ नात्र संशयः ।। ८५ ।।

Gurordhyānenaiva Nityaṃ Dehī Brahmamayo Bhavet I
Sthitaśca Yatrakutrāpi Mukto'sau Nātra Saṃśaya: II 85 II

सदैव सद्गुरुदेव का ध्यान करने से ही मनुष्य ब्रह्ममय हो जाता है। वह किसी भी स्थान में रहता हो फिर भी मुक्त ही है। इसमें कोई संशय नहीं। क्योकि यम नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि से परे संयम, मर्यादा उसका स्वभाव बन जाता है।

A person becomes enlightened by constantly meditating upon his SadhGuru Dev. Then no matter where he lives, he is free and there is no doubt about it. This is because, beyond yama (Sanskrit: universal morality), niyama (Sanskrit: strict routine), āsana (Sanskrit: physical yoga), prāṇāyāma (Sanskrit: breath yoga) pratyāhāra (Sanskrit: restraint, mastery over external influences), dhāraṇā (Sanskrit: determination), dhyāna (Sanskrit: focus), and samādhi (Sanskrit: deep meditative state)—self-control becomes that person’s nature.

ज्ञानं वैराग्यमैश्वर्य यशः श्री समुदाहृतम ।
षड्गुणैश्वर्ययुक्तो हि भगवान् श्रीगुरुः प्रिये ।। ८६ ।।

Jñānaṃ Vairāgyamaiśvarya Yaśa: Śrī Samudāhṛtama I
Ṣaḍguṇaiśvaryayukto Hi Bhagavān Śrīguru: Priye II 86 II

भगवान् शिव कहते हैं—हे देवी भगवत स्वरुप श्री गुरुदेव ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य, यश, लक्ष्मी, और मधुर वाणी, ये छः गुण ऐश्वर्य से संपन्न होते हैं। इसलिए उन्हें भगवद् स्वरूप ही मानना चाहिए।

Lord Śiva says—O' Devi, Śrī Guru, who is the form of God, is endowed with knowledge, dispassion, glory, fame, wealth, and sweet language (mellifluent and harmonious). Therefore, Guru should just be regarded as a form of God.

गुरुः शिवो गुरुर्देवो गुरुर्बन्धुः शरीरिणाम् ।
गुरुरात्मा गुरुर्जीवो गुरोरन्यन्न विद्यते ।। ८७ ।।

Guru: Śivo Gururdevo Gururbandhu: Śarīriṇām I
Gururātmā Gururjīvo Guroranyanna Vidyate II 87 II

मनुष्यों के लिए गुरु ही शिव है। गुरु ही देव है, गुरु ही नाते-रिश्तेदार है। गुरु ही आत्मा है। गुरु के सिवा अन्य कुछ भी नहीं है। इसलिए गुरु को सामान्य मनुष्य न समझकर उन्हें साक्षात् शिव, देवता परम बान्धव, सुहृद, मित्र, हितकारी मानकर उसी की शरण ग्रहण करनी चाहिए।

As for human beings, Guru is Śiva. Guru is devatā (Sanskrit: demigod), Guru is their relatives, Guru is their Ātmā (Sanskrit: Self). There is nothing besides Guru. Therefore, one should not regard his Guru as an ordinary human being. Humans should recognize that Guru is an incarnation of Śiva. They should accept Guru

as a devatā (Sanskrit: a demigod) and a most entrusted and valuable friend; thus, a person should only take refuge in his Guru.

एकाकी निस्पृहः शान्तः चिंतासूयादिवर्जितः ।
बाल्यभावेन यो भाति ब्रह्मज्ञानी स उच्यते ।। ८८ ।।

Ekākī Nispṛha: Śānta: Ciṃtāsūyādivarjitaḥ I
Bālyabhāvena Yo Bhāti Brahmajñānī Sa Ucyate II 88 II

अकेला, कामना रहित, शान्त चिन्ता रहित, ईर्ष्या रहित और बालक की तरह जो सुशोभित है वह ब्रह्मज्ञानी कहलाता है। वह बालक की तरह निर्दोष निर्विकार छल कपट से रहित होता है। वह किसी से ईर्ष्या नहीं करता, शिकायत नहीं करता। ब्रह्मज्ञानी के ये ही लक्षण हैं।

A person endowed by qualities like being alone, without any desires, calm, without any worries or jealousy like a child, is an enlightened (wise) person. Like a child, this person is without any wrong impressions of being cunning to others. He does not look at others with jealousy and does not complain. These are the characteristics of a Realized Soul.

न सुखं वेदशास्त्रेषु न सुखं मंत्रयंत्रके ।
गुरोः प्रसादादन्यत्र सुखं नास्ति महीतले ।। ८९ ।।

Na Sukhaṃ Vedaśāstreṣu Na Sukhaṃ Maṃtrayaṃtrake I
Guro: Prasādādanyatra Sukhaṃ Nāsti Mahītale II 89 II

वेदों और शास्त्रों में सुख नहीं है, मंत्र-यंत्र में सुख नहीं है। जैसे वेदों और शास्त्रों को जब तक सद्गुरुदेव न बताएं तब तक यह समझ में नहीं आते क्योंकि इस पृथ्वी पर गुरुदेव की कृपा प्रसादि के सिवाय अन्यत्र कहीं भी सुख नहीं है।

There is no pleasure in Vedas and other sacred scriptures, neither there is pleasure in the recitation of mantra and yaṃtra (Sanskrit: mystical instruments or diagram supposed to possess occult powers). Unless Guru Dev teaches the Vedas and holy scriptures, it is not possible to understand them because, on this earth, pure joy only comes by the grace of Guru and by no other means.

चार्वाकवैष्णवमते सुखं प्रभाकरे न हि ।
गुरोः पादान्तिके यद्वत्सुखं वेदान्तसम्मतम् ।। ९० ।।

Cārvākavaiṣṇavamate Sukhaṃ Prabhākare Na Hi I
Guro: Pādāntike Yadvatsukhaṃ Vedāntasammatam II 90 II

गुरुदेव के श्री चरणों में जो वेदान्त निर्दिष्ट सुख है, वह न तो चार्वाक मत में और न वैष्णव मत में और न कपिलाचार्य (सांख्य) मत में है।

The kind of joy mentioned in the Vedanta (end part of the Vedas), is only accessible through Guru’s Lotus-feet. This bliss is neither in Cārvāka school of thought nor in Vaiṣṇava (Sanskrit: school worshipping Lord Viṣṇu) or sage Kapilācārya’s (Sāṃkhya Philosophy) spiritual traditions.

न तत्सुखं सुरेन्द्रस्य न सुखं चक्रवार्तिनाम् ।
यत्सुखं वीतरागस्य मुनेरेकान्तवासिन: ।। ९१ ।।

Na Tatsukhaṃ Surendrasya Na Sukhaṃ Cakravārtinām I
Yatsukhaṃ Vītarāgasya Munerekāntavāsina: II 91 II

एकान्तवासी, वीतराग मुनि को जो सुख मिलता है, वह सुख न तो इन्द्र को और न चक्रवर्ती राजाओं को मिलता है, क्योंकि इन्द्र भी काम वासनाओं से ग्रस्त है। उसे भी राक्षसों कि चुनौती बनी रहती है। चक्रवर्ती राजा भी कामनाओं के कारण दु:खी रहता है। सुखी तो केवल वह मुनि हैं जो एकान्त में रहते हैं जिनकी सभी कामनाएँ छूट चुकी हैं।

A sage who is unattached and lives in solitude, experience bliss that is not even available to either Indra (king of demigods) or any other great king. Even Indra is always entangled in desires, for he must also face the challenges of demons. Likewise, a great king is also unhappy due to material aspirations. Only a sage who lives in solitude remains in pure bliss who has no worldly desires.

नित्यं ब्रह्मरसं पीत्वा तृप्तो य: परमात्मनि ।
इन्द्रं च मन्यते रंकं तुच्छं नृपाणां तत्र का कथा ।। ९२ ।।

Nityaṃ Brahmarasaṃ Pītvā Tṛpto Ya: Paramātmani I
Indraṃ Ca Manyate Raṃkaṃ Tucchaṃ Nṛpāṇāṃ Tatra Kā Kathā II 92 II

हमेशा ब्रह्म रस का पान करके जो परमात्मा में सन्तुष्ट हो गया है, वह ऋषि इन्द्र को भी गरीब मानता है, तो उन चक्रवर्ती राजाओं की तो बात ही क्या है?

An enlightened being who always resides in the contentment of the Divine (Self) considers even Indra (king of demigods) as poor, much less those great kings.

यतः परमकैवल्यं गुरुमार्गेण वै भवेत् ।
गुरुभक्तिरतिः कार्या सर्वदा मोक्षकांक्षिभिः ।। ९३ ।।

Yata: Paramakaivalyaṃ Gurumārgeṇa Vai Bhavet I
Gurubhaktirati: Kāryā Sarvadā Mokṣakāṃkṣibhiḥ II 93 II

मोक्ष की इच्छा करने वालों को गुरु भक्ति खूब करनी चाहिए भूलकर भी गुरुदेव की कोई बात नहीं काटनी चाहिए क्योंकि गुरुदेव के द्वारा ही मोक्ष की प्राप्ति होती है।

Those who have a desire for enlightenment (mokṣa—supreme freedom and happiness) should wholly be devoted to their Guru; even by mistake, they should not contradict Guru’s words because realization is attained only through Guru.

एक एवाद्वितीयोऽहं गुरुवाक्येन निश्चितः ।
एवमभ्यस्यता नित्यं न सेव्यं वै वनान्तरम् ।। ९४ ।।

Eka Evādvitīyo'haṃ Guruvākyena Niścita: I
Evamabhyasyatā Nityaṃ Na Sevyaṃ Vai Vanāntaram II 94 II

गुरुदेव के वाक्य की सहायता से जिसने ऐसा निश्चय कर लिया है कि मैं एक और अद्वितीय हूँ, और गुरु आज्ञा पालन में जो नित्यरत है, उसके लिए अन्य वनवास का सेवन आवश्यक नहीं है।

By practicing the Guru Dev's word (Guru-mantra japa), the one who has established himself in the knowledge that I alone exist in everyone, and who always lives in the service of his Guru; that person does not need to perform any other extreme austerity such as going to the forests or jungles.

अभ्यासान्निमिषेणैव समाधिमधिगच्छति ।
आजन्मजनितं पापं तत्क्षणादेव नश्यति ।। ९५ ।।

Abhyāsānnimiṣeṇaiva Samādhimadhigacchati I
Ājanmajanitaṃ Pāpaṃ Tatkṣaṇādeva Naśyati II 95 II

क्योंकि अभ्यास से एक पल में समाधि लग जाती है और उसी पल इस जन्म से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं, क्योंकि गुरुदेव के उपदेश के बिना आत्मबोध सम्भव नहीं है।

This is because, with practice, a person can reach the state of samadhi in a moment, while it is not possible to reach enlightenment without Guru-mantra.

गुरुर्विष्णुः सत्त्वमयो राजसश्चतुराननः ।
तामसो रूद्ररूपेण सृजत्यवति हन्ति च ।। ९६ ।।

Gururviṣṇu: Sattvmayo Rājasaścaturānana: I
Tāmaso Rūdrarūpeṇa Sṛjatyavati Hanti Ca II 96 II

गुरुदेव ही सत्वगुणी होकर विष्णु रूप से जगत् का पालन करते हैं। रजोगुणी होकर ब्रह्म रूप से जगत का सृजन करते हैं और तमो गुणी होकर शंकर रूप से जगत् का संहार करते हैं।

Guru's satva guṇa (Sanskrit: qualities like harmony, compassion, truth, love and sacrifice) sustains the entire creation in the form of Lord Viṣṇu; Guru's raj guna (Sanskrit: characteristics like passion, adventure, desire and materialism) does the creation of this world in the form of Lord Brahmā; and Guru's tam guna (Sanskrit: qualities such as darkness and inertia) destroys this existence in the form Lord Śiva.

तस्यावलोकनं प्राप्य सर्वसंगविवर्जितः ।
एकाकि निःस्पृहः शान्तः स्थातव्यं तत्प्रसादतः ।। ९७ ।।

Tasyāvalokanaṃ Prāpya Sarvasaṃgavivarjita: I
Ekākī Ni:Spṛha: Śānta: Sthātavyaṃ Tatprasādata: II 97 II

उनका (गुरुदेव का) दर्शन पाकर उनके कृपा प्रसाद से सभी प्रकार की आसक्ति छोड़कर एकाकी, निःस्पृह और शान्त होकर रहना चाहिए। साधक को सभी प्रकार की सांसारिक कामनाएं वासनाएं, आसक्ति, मोह, ममता आदि का त्याग कर देना चाहिए।

After having Guru's darśana (Sanskrit: an opportunity or occasion to see a holy person), one should leave all worries and stay calm. A student should let go of all worldly desires, material attachments, excessive attachments, etc.

सर्वज्ञपदामित्याहुर्देही सर्वमयो भुवि ।
सदाऽनन्दः सदा शान्तो रमते यत्रकुत्रचित् ।। ९८ ।।

Sarvajñapadāmityāhurdehī Sarvamayo Bhuvi I
Sadā'nanda: Sadā Śānto Ramate Yatrakutracit II 98 II

जो जीव आत्मा इस संसार में सर्वमय, आनन्दमय, और शान्त होकर सभी स्थानों पर विचरता है, उस जीव आत्मा को सर्वज्ञ कहते हैं। ऐसा ज्ञानी ही सर्वज्ञ होता है। वही शान्त और आनंदमय जीता है।

The being who always remains calm and blissful while wandering around all the places; such a soul is said to be omnipresent. Such a wise individual is said to be all-pervasive. He alone lives a serene and joyful life.

यत्रैव तिष्ठते सोऽपि स देशः पुण्यभाजनः ।
मुक्तस्य लक्षणं देवी तवाग्रे कथितं मया ।। ९९ ।।

Yatraiva Tiṣṭhate So'pi Sa Deśa: Puṇyabhājana: I
Muktasya Lakṣaṇaṃ Devī Tavāgre Kathitaṃ Mayā II 99 II

भगवान् शंकर ने कहा ऐसा पुरुष जहां रहता है, वह स्थान पुण्य तीर्थ है, जैसे हरिद्वार में गंगा जी को पुण्य तीर्थ

कहा गया है। हे प्रिये तुम्हारे समक्ष मैंने मुक्तपुरुष का लक्षण कहा।

Lord Śiva says, wherever such an Enlightened Soul lives, becomes a pilgrimage like the river Gangā, which is also considered as a holy pilgrimage in Haridwar. So, O' Dear Devi, I have revealed to you the characteristics of an Enlightened Being.

यद्यप्यधीता निगमाः षडंगा आगमाः प्रिये ।
अध्यात्मादिनि शास्त्राणी ज्ञानं नास्ति गुरुं विना ।। १०० ।।

Yadyapyadhītā Nigamā: Ṣaḍaṃgā Āgamā: Priye I
Adhyātmādini Śāstrāṇī Jñānaṃ Nāsti Guruṃ Vinā II 100 II

हे देवी मनुष्य चाहे चारों वेदों को पढ़ ले, वेद के अंग शिक्षा, व्याकरण, छंद, निरुक्त, ज्योतिष, कल्प इन छः अंगों को पढ़ ले, अध्यात्म शास्त्र आदि अन्य सभी शास्त्र पढ़ ले फिर भी वह सद्गुरुदेव के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता क्योंकि सब के ज्ञानदाता केवल सद्गुरु ही हैं। उनकी शरण में जाना चाहिए।

O' Devi, a person may learn all four Vedas, or study all six parts of the Vedas—Śikṣā, Grammar, Chand, Nirukta (Sanskrit: etymology of Vedic literature), Astrology and Kalpa (Sanskrit: rituals) or read all Śāstra (sacred ancient texts), however still, it is not possible to assimilate the knowledge of the Self without SadhGuru. So, one should go to his Guru for this knowledge.

शिवपूजारतो वापि विष्णुपूजारतोऽथवा ।
गुरुतत्वविहीनश्चेत्तत्सर्वं व्यर्थमेव हि ।। १०१ ।।

Śivapūjārato Vāpi Viṣṇupūjārato'thavā I
Gurutatvavihīnaścettatsarva Vyarthameva Hi II 101 II

भगवान् शिव की पूजा में रत हो या भगवान् विष्णु की पूजा में रत हो, लेकिन गुरुतत्व के ज्ञान से रहित हो तो वह सब व्यर्थ है।

If a person is involved in the worship of Lord Śiva, or he is committed to the devotion of Lord Viṣṇu, however, if his practice is devoid of the knowledge of (understanding of) the Guru-element (Guru-tatva), it is all a waste.

सर्वं स्यात्सफलं कर्म गुरुदीक्षाप्रभावतः ।
गुरुलाभात्सर्वलाभो गुरुहीनस्तु बालिशः ।। १०२ ।।

Sarva Syātsaphalaṃ Karma Gurudīkṣāprabhāvata: I
Gurulābhātsarvalābho Guruhīnastu Bāliśa: II 102 II

गुरुदेव की दीक्षा के प्रभाव से जीव आत्मा के सभी कर्म सफल होते हैं और कुकर्म से मुक्ति होती है। गुरुदेव की संप्राप्ति रुपी परम लाभ से अन्य सभी लाभ मिलते हैं। जिस मनुष्य का गुरु नहीं है, वह मूर्ख है।

All karmas, efforts of a person are actualized, and his sins are dismissed after being initiated by a Guru. Having a Guru itself is a great success, following which

an individual attains all other achievements. The one who does not have a Guru is like a fool.

तस्मात्सर्वप्रयत्नेन सर्वसंगविवर्जितः ।
विहाय शास्त्रजालानि गुरुमेव समाश्रयेत् ।। १०३ ।।

Tasmātsarvaprayatnena Sarvasaṃgavivarjita: I
Vihāya Śāstrajālāni Gurumeva Samāśrayet II 103 II

इसलिए सभी प्रकार के प्रयत्न की आसक्तियों को छोड़कर अनासक्त होकर शास्त्र के मायाजाल को छोड़कर इस संसार रुपी माया को त्यागकर सदैव गुरुदेव की शरण लेनी चाहिए।

Therefore, being unattached, leaving all aspirations (desire to make efforts) and after withdrawing oneself from the web of this illusionary world, or even obscure scriptures, one should always go and take refuge in his Guru.

ज्ञानहीनो गुरुस्त्याज्यो मिथ्यावादी विडंबकः ।
स्वविश्रान्तिं न जानाति परशान्तिं करोति किम् ।। १०४ ।।

Jñānahīno Gurustyājyo Mithyāvādī Viḍaṃbaka: I
Svaviśrāntiṃ Na Jānāti Paraśāntiṃ Karoti Kim II 104 II

ज्ञान रहित, मिथ्या बोलने वाले और दिखावट करने वाले गुरु का त्याग कर देना चाहिए क्योंकि जो अपनी ही शान्ति पाना नहीं जानता वह दूसरों को क्या शान्ति दे सकेगा।

One should abandon a Guru who lacks knowledge, who speaks inaccurately, or who shows-off, because, the Guru who do not know how to obtain his own peace, how can he bring peace in others?

शिलायाः किं परं ज्ञानं शिलासंघप्रतारणे ।
स्वयं तर्तुं न जानति पर निस्तारयेत्कथम् ।। १०५ ।।

Śilāyā: Kiṃ Paraṃ Jñānaṃ Śilāsaṃghapratāraṇe I
Svayaṃ Tartuṃ Na Jānati Para Nistārayetkatham II 105 II

हे देवी, जैसे पत्थरों के समूह को तैरने का ज्ञान पत्थर में कहां से हो सकता है, जो खुद तैरना नहीं जानता वह दूसरे को क्या तैरायेगा? जिसे स्वयं तैरना नहीं आता वह दूसरे को डूबने से कैसे बचा सकता है।

O' Devi, how can a cluster of stones learn how to swim? The one who does not have the knowledge to swim, how can he teach the skill of swimming to others or even save others from drowning.

न वन्दनीयास्ते कष्टं दर्शनाद् भ्रान्तिकारकाः ।
वर्जयेत्तान् गुरुन् दूरे धीरानेव समाश्रयेत् ।। १०६ ।।

Na Vandanīyāste Kaṣṭaṃ Darśanād Bhrāntikārakā: I
Varjayettān Gurun Dūre Dhīrāneva Samāśrayet II 106 II

जो गुरु अपने दर्शन दिखाने से शिष्य को भ्रान्ति में डालता है ऐसे गुरु को प्रणाम नहीं करना चाहिए। इतना ही नहीं, दूर से ही उसका त्याग कर देना चाहिए। ऐसी स्थिति में

धैर्यवान गुरु का आश्रय लेना चाहिए क्योंकि धैर्यवान गुरु दिखावा नहीं करता। वह शान्त होता है। ऐसे गुरु की ही खोज करनी चाहिए।

One should not bow to a Guru who creates delusion in the mind of his disciple. Furthermore, a seeker should not even go near to such a Guru. In this case, a spiritual aspirant should instead take shelter under a Guru who has great patience, who is not an excessive self-publicist (or demonstrates magic, shows-off), and remains calm; so, a person should only search for such a Guru.

पाखण्डिनः पापरता नास्तिका भेदबुद्धयः ।
स्त्रीलम्पटा दुराचाराः कृतघ्ना बकवृत्तयः ।। १०७ ।।

Pākhaṇḍina: Pāparatā Nāstikā Bhedabuddhaya: I
Strīlampaṭā Durācārā: Kṛtaghnā Bakavṛttaya: II 107 II

हे देवी—पाखण्डी, पाप से रत, नास्तिक, भेदबुद्धि उत्पन्न करने वाला स्त्रीलम्पट, दुराचारी, एहसान फरामोश बगुले की तरह ठगने वाला, जैसे बगुला पानी में आँख बंद करके एक पैर पर खड़ा होकर पाखण्ड करता है और मछली के आते ही वह मछली को खा लेता है, ऐसे व्यक्ति को गुरु नहीं बनाना चाहिए।

O’ Devi, one should not accept someone as a Guru who is a hypocrite, filled with sins, an atheist with his mind in duality, womanizer, and an ungrateful person like a crane. Like a crane that behaves hypocritically by

standing in the water pond with one leg, with its eyes closed, and catches the fish as soon as the fish comes closer, such a person should not be accepted as a Guru.

कर्मभ्रष्टाः क्षमानष्टाः निन्द्यतर्केच्क्ष वादिनः ।
कामिनः क्रोधिनश्चैव हिंस्त्राश्चंडाः शठास्तथा ।। १०८ ।।

Karmabhraṣṭā: Kṣamānaṣṭā: Nindyatarkeckṣa Vādina: I
Kāmina: Krōdhinaścaiva Hiṃstrāścaṃḍā: Śaṭhāstathā II 108 II

कर्म से भ्रष्ट, क्षमा रहित, निंदनीय तर्कों से वाद-विवाद करने वाला, कामवासनाओं से ग्रस्त, क्रोधी, हिंसक, उग्र स्वभाव वाले तथा दुष्ट को कभी गुरु नहीं बनाना चाहिए। वह साधक को भी अपने साथ नरक में ले जाता है।

One should not accept someone as Guru who does not do virtuous actions (devoid of holy karma), the one who has no forgiveness, involves in harmful or defamatory debates, who is entrenched in desires or lecherous behaviors, angry, intolerant, and a cruel person. Such a person goes to hell, along with his student.

ज्ञानलुप्ता न कर्तव्या महापापास्त्था प्रिये ।
एभ्यो भिन्नो गुरुः सेव्य एकभक्त्या विचार्य च ।। १०९ ।।

Jñānaluptā Na Kartavyā Mahāpāpāstthā Priyē I
Ēbhyō Bhinnō Guru: Sēvya Ēkabhaktyā Vicārya Ca II 109 II

जो स्वयं अपने ज्ञान के अनुसार ही सदाचरण से जीवन निर्वाह करने वाला हो, जो शिष्य को सद्मार्ग पर ला सके, ऐसा

विचार करके ऊपर दिए हुए लक्षणों वाले गुरु की एकनिष्ठ भक्ति से सेवा करनी चाहिए।

A student should dedicate himself with an unwavering (single-pointed) devotion to a Guru, who truthfully lives His life by real virtues and morals, a Guru, who has the capacity to drive a student on the right path. A spiritual aspirant should be able to discriminate between a right or wrong Guru, based on the characteristics asserted above.

सत्यं सत्यं पुनः सत्यं धार्मसारं मयोदितम् ।
गुरुगीता समं स्तोत्रं नास्ति तत्वं गुरोः परम् ।। ११० ।।

Satyaṃ Satyaṃ Puna: Satyaṃ Dhārmasāraṃ Mayōditam I
Gurugītā Samaṃ Stōtraṃ Nāsti Tatvaṃ Gurō: Param II 110 II

गुरुगीता के समान अन्य कोई स्तोत्र नहीं है, गुरु से समान अन्य कोई तत्व नहीं है। समग्र धर्म का यह सार मैंने कहा है। केवल गुरु ही सभी धर्मों का सार है। यह सत्य है, सत्य है, और बार-बार सत्य है।

There is no sacred text like Guru Gītā; there is no element purer than Guru. I have shared the essence of the entire Dharma (Sanskrit: virtuous actions, eternal laws as written in the Vedas). Only Guru is the essence of all Dharma—this is the truth, is the truth, and again, is the truth.

अनेन यद् भवेद् कार्यं तद्वदामि तव प्रिये ।
लोकोपकारकं देवि लौकिकं तु विवर्जयेत् ।। १११ ।।

Anēna Yad Bhavēd Kāryaṃ Tadvadāmi Tava Priyē I
Lōkōpakārakaṃ Dēvi Laukikaṃ Tu Vivarjayēt II 111 II

हे पार्वतीः इस गुरुगीता का पाठ करने के से जो कर्म सिद्ध होता है वह अब कहता हूँ। हे देवी लोगों के लिए यह उपकारक है। मात्र लौकिक का त्याग करना चाहिए जो मनुष्य कि कामनाओं में आसक्ति है इनका त्याग करना चाहिए, इच्छाएँ और अपेक्षाएँ हैं उनका त्याग करना चाहिए, गुरुगीता ही लोगों पर उपकार कर सकती है, गुरुगीता से बढकर कोई ग्रंथ नहीं है।

O' Pārvatī, now I will tell you specific endeavors that are realized by reading Guru Gītā. O' Devi, Guru Gītā is very beneficial for people. People should renounce their material world, attachments to their passions, and their worldly desires. They should abandon their ambitions and aspirations. In this situation, Guru Gītā alone can be helpful to people. There is no sacred text better than Guru Gītā.

लौकिकाद्धर्मतो याति ज्ञानहीनो भवार्णवे ।
ज्ञानभावे च यत्सर्वं कर्म निष्कर्म शाम्यति ।। ११२ ।।

Laukikāddharmatō Yāti Jñānahīnō Bhavārṇavē I
Jñānabhāvē Ca Yatsarvaṃ Karma Niṣkarma Śāmyati II 112 II

जो कोई इसका उपयोग लौकिक कार्य के लिए करेगा वह ज्ञानहीन होकर संसार रूपी सागर में गिरेगा, वह इन संसार रुपी बन्धनों से कभी मुक्त नहीं हो सकता। ज्ञान भाव से जिस किसी कर्म में इसका उपयोग किया जाएगा वह कर्म निष्कर्म में परिणत होकर शान्त हो जाएगा।

A person will go down in the ocean-like world if one uses Guru Gītā for worldly affairs. That person would never be able to free himself from the bondage of karma. However, if someone does actions based on the knowledge obtained from Guru Gītā, his actions will be converted into in-action (nullifies the karma). Thus, an individual can liberate himself from the shackles of this world.

इमां तु भक्तिभावेन पठेद्धै श्रुणुयादपि ।
लिखित्वा यत्प्रदानेन तत्सर्वं फलमश्नुते ।। ११३ ।।

Imāṃ Tu Bhaktibhāvēna Paṭhaiddhai Śruṇuyādapi I
Likhitvā Yatpradānena Tatsarvaṃ Phalamaśnute II 113 II

भक्ति-भाव से जो गुरुगीता का पाठ करता है और सुनता है, लिखता है, वह साधक सब फल भोगता है, और जो अन्य कर्मों से दुर्लभ है।

The one who reads and practices Guru Gītā with devotion, listen to its verses, writes it, that student enjoys all kinds of fruits of his actions. Such fruits

(accomplishments) are not attainable through other types of actions (karma).

गुरुगीतामिमां देवि हृदि नित्यं विभावय ।
महाव्याधिगतैर्दुखैः सर्वदा प्रजपेन्मुदा ।। ११४ ।।

Gurugītāmimāṃ Dēvi Hṛdi Nityaṃ Vibhāvaya I
Mahāvyādhigatairdukhai: Sarvadā Prajapēnmudā II 114 II

भगवान् शिव पार्वती से कहते हैं—हे देवी इस गुरुगीता को नित्यभाव पूर्वक हृदय में धारण करो, महाव्याधिवाले दुःखी लोगों को सदा आनंद से इसका जप करना चाहिए।

Lord Śiva says to Devi Pārvatī—O' Devi, practice Guru Gītā every day and assimilate it (internalize) in your heart with devotion. Unhappy people, including those who suffer due to grave diseases should regularly practice Guru Gītā joyously.

गुरुगीताक्षरैकैकं मन्त्रराजमिदं प्रिये ।
अन्ये च विविध मन्त्राः कलां नार्हन्ति षोडशीम् ।। ११५ ।।

Gurugītākṣaraikaikaṃ Mantrarājamidaṃ Priyē I
Anyē Ca Vividha Mantrā: Kalāṃ Nārhanti Ṣōḍaśīm II 115 II

हे देवी गुरुगीता का एक-एक अक्षर मन्त्रराज है अन्य जो विविध मंत्र हैं वे इसका सोलहवां भाग भी नहीं, इसलिये इसका सदैव जप करते रहना चाहिए।

O' Devi, each letter of the verses written in Guru Gītā is like 'king-mantra.' Other mantras are not even a

one-sixteenth part of it. Therefore, one may regularly keep chanting the mantras of Guru Gītā.

अनन्तफलमाप्नोति गुरुगीताजपेन तु ।
सर्वपापहरा देवी सर्वदारिद्र्यनाशिनी ।। ११६ ।।

Anantaphalamāpnōti Gurugītājapēna Tu I
Sarvapāpaharā Dēvī Sarvadāridrayanāśinī II 116 II

हे प्रिये, गुरुगीता के जप से अनन्त फल मिलता है। गुरुगीता सभी पापों को हरने वाली और दारिद्र्य का नाश करने वाली है।

O' Dear Devi, chanting Guru Gītā gives countless fruits. Guru Gītā takes away all sins and destroys poverty.

अकालमृत्युहर्त्री च सर्वसंकटनाशिनी ।
यक्षराक्षसभूतादिचोरव्यघ्राविघातिनी ।। ११७ ।।

Akālamṛtyuhartrī Ca Sarvasaṃkaṭanāśinī I
Yakṣarākṣasabhūtādicōravyaghrāvighātinī II 117 II

जो गुरुगीता का प्रतिदिन पाठ करता है वह अकाल मृत्यु को रोकता है। सब संकटों का नाश करती है, यक्ष, राक्षस, भूत, पिशाच, चोर, और शेर आदि का घात करती है।

The one who chants Guru Gītā every day evades his untimely death. Guru Gītā destroys all kinds of dangers—yakṣa (Sanskrit: a class of demigods), demons, ghosts, evil spirits, thieves, lions, etc.

सर्वोपद्रवकुष्ठादिदुष्टदोषनिवारिणी ।
यत्फलं गुरुसान्निध्यात्तत्फलं पठनाद् भवेत् ।। ११८ ।।

Sarvopadravakuṣṭhādiduṣṭadoṣanivāriṇī I
Yatphalaṃ Gurusānnidhyāttatphalaṃ Paṭhanād Bhavet II 118 II

गुरु गीता सब प्रकार के उपद्रवों कुष्ट आदि दुष्ट रोगों और दोषों मानसिक रोग, शारीरिक पीड़ा (दुःख) सभी प्रकार के रोगों तथा दोषों का निवारण करने वाली है। श्री सद्गुरुदेव के पावन सान्निध्य से जो फल मिलता है वह फल इस गुरु गीता के पाठ से मिलता है।

Guru Gītā eliminates all sorts of illnesses, sins, grave ailments, like leprosy including mental disorders or physical pains (in Sanskrit: duḥkha). The fruit that one gets by being in the company to his SadhGuru, is the same fruit that one gets by chanting Guru Gītā.

महाव्याधिहरा सर्वविभूतेः सिद्धिदा भवेत् ।
अथवा मोहने वश्ये स्वयमेव जपेत्सदा ।। ११९ ।।

Mahāvyādhiharā Sarvavibhūtē: Siddhidā Bhavēt I
Athavā Mōhanē Vaśyē Svayamēva Japētsadā II 119 II

इस गुरुगीता का पाठ करने से महाव्याधि दूर होती है। सभी प्रकार के ऐश्वर्य तथा सिद्धियों की प्राप्ति होती है। यदि कोई सम्मोहन, मारण, उच्चाटन अथवा वशीकरण में बंधा है तो उसे गुरु गीता के मन्त्रों का पाठ विधि विधान के साथ करना चाहिए।

Chanting Guru Gītā prevents an individual from severe diseases in life. A person who chants Guru Gītā gains grandeur, prosperity, and several spiritual powers. If a person is under the spell of practices[4] like, samōhana, māraṇa, uccāṭana, or vaśīkaraṇa, that person should put into practice the mantras of Guru Gītā in a recommended and methodological way.

मोहन सर्वभुतानां बन्धमोक्षकरं परम् ।
देवराज्ञां प्रियकरं राजानं वशमानयेत् ।। १२० ।।

Mohana Sarvabhutānāṃ Bandhamokṣakaraṃ Param I
Devarājñāṃ Priyakaraṃ Rājānaṃ Vaśamānayet II 120 II

इस गुरुगीता का पाठ करने वाले पर सभी प्राणी मोहित हो जाते हैं। बंधन में बंधे हुए लोगों को मुक्ति मिल जाती है। ऐसा व्यक्ति देवराज इन्द्र को भी प्रिय होता है और राजा उसके वश में होता है। राजा भी ऐसे व्यक्ति को सम्मान देता है।

Everyone loves the person who chants the mantras of Guru Gītā. A person chained in the bondage of karma attains freedom by reciting Guru Gītā. Even the Lord Indra (the Lord of all demigods) loves the person who chants Guru Gītā; more so, the king is also under the control of such a spiritual person and gives him honor.

---

[4] Practices, such as samōhana, māraṇa, uccāṭana, or vaśīkaraṇa, come under the science of tantra. Tantra is a yogic science that works on the subtle energies within the body for spiritual growth and physical well-being. This field also includes some abovementioned practices to control others, primarily done for controlling enemies.

मुखस्तम्भकरं चैव गुणानां च विवर्धनम् ।
दुष्कर्मनाशनं चैव तथा सत्कर्मसिद्धिदम ।। १२१ ।।

Mukhastambhakaraṃ Caiva Guṇānāṃ Ca Vivardhanam I
Duṣkarmanāśanaṃ Caiva Tathā Satkarmasiddhidama II 121 II

गुरुगीता का पाठ शत्रु का मुख बंद करने वाला है। उसके गुणों को बढाने वाला है। दुष्कर्मों का नाश करने वाला है और सत्कर्म में सिद्धि देने वाला है।

The chanting of Guru Gītā silences one's enemy. It enhances good qualities of a person. The practice of Guru Gītā destroys the evil karma of a person and brings fulfillment (success) of the good karma of that person.

प्रसिद्धं साधयेत्कार्यं नवग्रहभयापहम् ।
दुःस्वप्ननाशनं चैव सुस्वप्नफलदायकम् ।। १२२ ।।

Prasiddhaṃ Sādhayetkāryaṃ Navagrahabhayāpaham I
Du:Svapnanāśanaṃ Caiva Susvapnaphaladāyakam II 122 II

इसका पाठ असाध्य कार्यों की सिद्धि कराता है। नवग्रहों के दोष को हरता है। दुःस्वप्न का नाश करता है और सुस्वप्न के फल की प्राप्ति कराता है।

The chanting of Guru Gītā makes possible, the impossible tasks. It removes the negative influence of the nine planets. Practicing Guru Gītā destroys the corrupt impressions within a person and creates the reality of a lucky dream (destroys vices and fulfills virtuous wishes).

मोहशान्तिकरं चैव बन्धमोक्षकरं परम् ।
स्वरुपज्ञाननिलयं गीताशास्त्रमिंद शिवे ।। १२३ ।।

Mohaśāntikaraṃ Caiva Bandhamokṣakaraṃ Param I
Svarupajñānanilayaṃ Gītāśāstramiṃda Śive II 123 II

भगवान् शिव पार्वती से कहते हैं—हे शिवे यह गुरु गीता एक शास्त्र है। यह गुरुगीता रुपी शास्त्र मोह को शान्त करने वाला है। इसके नित्य पाठ करने से मोह आसक्ति एवं कामनायें शान्त हो जाती हैं।

Lord Śiva says to Devi Pārvatī—O' Śive, Guru Gītā is like a complete subject or a sacred text. Practicing this subject subdues delusion in mind (in Sanskrit: moha). Daily chanting of Guru Gītā diminishes errors in judgment (arising out of moha), excessive worldly attachments, and unwanted desires.

यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चयम् ।
नित्यं सौभाग्यदं पुण्यं तापत्रयकुलापहम् ।। १२४ ।।

Yaṃ Yaṃ Cintayate Kāmaṃ Taṃ Taṃ Prāpnoti Niścayam I
Nityaṃ Saubhāgyadaṃ Puṇyaṃ Tāpatrayakulāpaham II 124 II

जीवात्मा जो-जो अभिलाषा करके इस गुरुगीता का पाठन या चिंतन करता है, उसे वह निश्चय ही प्राप्त होता है। यह गुरुगीता नित्य सौभाग्य और पुण्य प्रदान करने वाली तथा तीनों तापों (आधि, व्याधि, उपाधि) का शमन करने वाली है।

An individual who has some desire, chants, or attempts to understand Guru Gītā, definitely satisfies that desire. Guru Gītā invariably gives a vast fortune and culminates into auspicious, holy actions (karma). It destroys all three forms of suffering in life, namely bodily sufferings, pains caused by the world, and the problems created by the celestial demigods.

सर्वशान्तिकरं नित्यं तथा वन्ध्या सुपुत्रदम् ।
अवैधव्यकरं स्त्रीणां सौभाग्यस्य विवर्धनम् ।। १२५ ।।

Sarvaśāntikaraṃ Nityaṃ Tathā Vandhyā Suputradam I
Avaidhavyakaraṃ Strīṇāṃ Saubhāgyasya Vivardhanam II 125 II

यह गुरुगीता सब प्रकार की शान्ति प्रदान करने वाली है, वन्ध्या (बाँझ) स्त्री को सुपुत्र देने वाली, सधवा स्त्रियों के वैधव्य का निवारण करने वाली और सौभाग्य की वृद्धि करने वाली है।

Guru Gītā provides a harmony of all types. It grants children to women who can't bear a child and prevents a married woman from becoming a widow and brings good fate.

आयुरारोग्यमैश्वर्य पुत्रपौत्रप्रवर्धनम् ।
निष्कामजापी विधवा पठेन्मोक्षमवाप्नुयात् ।। १२६ ।।

Āyurārogyamaiśvarya Putrapautrapravardhanam I
Niṣkāmajāpī Vidhavā Paṭhenmokṣamavāpnuyāt II 126 II

यह गुरुगीता आयुष्य, आरोग्य, ऐश्वर्य, और पुत्र-पौत्रादि की सिद्धि करने वाली है, कोई विधवा निष्काम भाव से इसका पाठ करे तो मोक्ष की प्राप्ति होती है।

Guru Gītā gives a long life, free from diseases, and filled with prosperity, wealth, and progeny. If a widow chants Guru Gītā without desires, she obtains mokṣa (Sanskrit: freedom from all sufferings, absolute peace and happiness).

अवैधव्यं सकामा तु लभते चान्यजन्मनि ।
सर्वदुःखभयं विघ्नं नाशयेत्तापहारकम् ।। १२७ ।।

Avaidhavyaṃ Sakāmā Tu Labhate Cānyajanmani I
Sarvaduḥkhabhayaṃ Vighnaṃ Nāśayettāpahārakam II 127 II

यदि विधवा सकाम होकर जप करे तो अगले जन्म में उसको संताप हरने वाला सौभाग्य प्राप्त होता है। उसके सब दुःख, भय, विघ्न, और संताप का नाश होता है।

If a widow who has desires, chants Guru Gītā, in the next life she gets a fortune that takes away her sufferings. All her grief, fears, obstacles, and pains are destroyed.

सर्वपापप्रशमनं धर्मकामार्थमोक्षदम् ।
यं यं चिन्तयते कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम् ।। १२८ ।।

Sarvapāpapraśamanaṃ Dharmakāmārthamokṣadam I
Yaṃ Yaṃ Cintayate Kāmaṃ Taṃ Taṃ Prāpnoti Niścitam II 128 II

यह गुरुगीता का पाठ सब पापों का शमन करता है। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, चार प्रकार के पुरुषार्थों की प्राप्ति होती है तथा उसके सभी पापों का शमन होकर वह परम पवित्र हो जाता है। इस पाठ से जो जो आकांक्षायें की जाती है, वह अवश्य ही पूर्ण होती है।

Chanting Guru Gītā destroys all kinds of sins of a person and fulfills all his four objectives of life—Dharma (Sanskrit: living a virtuous and ethical life per eternal laws), artha (Sanskrit: earning money), kāma (Sanskrit: worldly desires) and mokṣa (Sanskrit: attainment of absolute freedom from all sufferings). A person becomes completely pure after the dissolution of his sins. Chanting of Guru Gītā fulfills all aspirations of a person that is expected of reading Guru Gītā.

लिखित्वा पूजयेद्यस्तु मोक्षश्रियमवाप्नुयात् ।
गुरुभक्तिर्विशेषेण जायते हृदि सर्वदा ।। १२९ ।।

Likhitvā Pūjayedyastu Mokṣaśriyamavāpnuyāt I
Gurubhaktirviśeṣeṇa Jāyate Hṛdi Sarvadā II 129 II

यदि कोई गुरुगीता को लिखकर उसकी पूजा करे तो उसे लक्ष्मी तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है और विशेष कर उसके हृदय में सदा सर्वदा गुरुभक्ति उत्पन्न होती रहती है।

If a person continues to write Guru Gītā and keeps worshiping it, he attains wealth and later attains mokṣa (Sanskrit: absolute freedom from all sufferings).

Especially his devotion towards his Guru continues to increase and endures forever.

जपन्ति शाक्ताः सौराश्च गाणपत्याश्च वैष्णवाः ।
शैवाः पाशुपताः सर्वे सत्यं सत्यं न संशयः ।। १३० ।।

Japanti Śāktā: Saurāśca Gāṇapatyāśca Vaiṣṇavā: I
Śaivāḥ Pāśupatā: Sarve Satyaṃ Satyaṃ Na Saṃśaya: II 130 II

शक्ति के उपासक, सूर्य के उपासक, गणपति के उपासक, शिव के उपासक, और पशुपति के उपासक सभी मतवादी इस गुरुगीता का पाठ करते रहते हैं। यह सत्य है, सत्य है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

All those who worship Goddess of Energy (Devi), the Sun God, Lord Śiva, Lord Ganesh, or devotees of other Gods, all of them chant (worship) Guru Gītā. This statement is the truth; it is the truth without an iota of doubt.

जपं हीनासनं कुर्वत् हीनकर्माफलप्रदम् ।
गुरुगीतां प्रयाणे वा संग्रामे रिपुसंकटे ।। १३१ ।।

Japaṃ Hīnāsanaṃ Kurvat Hīnakarmāphalapradam I
Gurugītāṃ Prayāṇe Vā Saṃgrāme Ripusaṃkaṭe II 131 II

बिना आसन के जप नीच कर्म हो जाता है निष्फल हो जाता है। यात्रा में, युद्ध में, शत्रुओं के उपद्रव में गुरुगीता का जप-पाठ करने से विजय मिलती है।

There is no fruit of chanting (Śrī Guru Gītā japa) without a properly assigned seat. Such a chanting practice becomes a lowly action. The chanting of Guru Gītā during travel, war, or while fighting the onslaught of enemies yields success.

जपन् जयमवाप्नोति मरणे मुक्तिदायिका ।
सर्वकर्माणि सिद्ध्यन्ति गुरुपुत्रे न संशयः ।। १३२ ।।

Japan Jayamavāpnoti Maraṇe Muktidāyikā I
Sarvakarmāṇi Siddhayanti Guruputre Na Saṃśaya: II 132 II

मरण काल अर्थात मरते समय गुरुगीता का स्मरण किया जाए तो मोक्ष की प्राप्ति होती है। यदि कोई शिष्य गुरु के पुत्र का भी गुरु के सदृश प्रतिदिन स्मरण करता है, तो उसके सभी कार्य पूर्ण होते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है।

If someone recites (chants) Guru Gītā at the time of death, he gets mokṣa (Sanskrit: absolute freedom from all sufferings). There is no doubt in the fact that a person realizes all his actions even if he invokes an image (meditates on) of his Guru’s son regularly.

गुरुमंत्रो मुखे यस्य तस्य सिद्ध्यन्ति नान्यथा ।
दीक्षया सर्वकर्माणि सिद्ध्यन्ति गुरुपुत्रके ।। १३३ ।।

Gurumaṃtro Mukhe Yasya Tasya Siddhayanti Nānyathā I
Dīkṣayā Sarvakarmāṇi Siddhayanti Guruputrake II 133 II

जिसके मुख में गुरुमंत्र है उसके सब कर्म सिद्ध होते हैं। दूसरे के नहीं, दीक्षा के कारण शिष्य के सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं।

Only that person who gets initiated by his Guru and who regularly chants Guru-mantra (keeps his Guru-mantra in his mouth), realizes all his actions (karmas), and not others.

भवमूलविनाशाय चाष्टपाशनिवृत्तये ।
गुरुगीताम्भसि स्नानं तत्वज्ञः कुरुते सदा ।। १३४ ।।

Bhavamūlavināśāya Cāṣṭapāśanivṛttaye I
Gurugītāmbhasi Snānaṃ Tatvajña: Kurute Sadā II 134 II

तत्वज्ञ पुरुष रुपी वृक्ष की जड़ नष्ट करने के लिए और आठों प्रकार के बंधन (संशय, दया, भय, संकोच, निंदा, प्रतिष्ठा, कुलाभिमान, और सम्पत्ति), की निवृत्ति करने के लिए गुरुगीता रुपी गंगा में सदा स्नान करते रहना चाहिए।

[Here an intellectual, spiritual person, or a student is equated to a ‘tree,’ who is rooted in this world] To cut the roots of a ‘tree-like’ spiritual seeker and to eliminate his eight kinds of bondages (disbelief, pity, fear, hesitation, condemnation, and pride due to social position, family heritage, and wealth), the student should regularly bathe himself in Guru Gītā, which is like the holy river Gangā.

सर्वशुद्धः पवित्रोऽसौ स्वभावाद्यत्र तिष्ठति ।
तत्र देवगणाः सर्वे क्षेत्रपीठे चरन्ति च ।। १३५ ।।

Sarvaśuddha: Pavitro'sau Svabhāvādyatra Tiṣṭhati I
Tatra Devagaṇā: Sarve Kṣetrapīṭhe Caranti Ca II 135 II

स्वभाव से ही सर्वदा शुद्ध और पवित्र है, ऐसे वे ब्रह्मज्ञानी महापुरुष जहाँ निवास करते हैं, वह तीर्थ बन जाता है। ऐसे तीर्थ में सभी देवी-देवता विचरण करते हैं।

Those great enlightened (realized) saints, who are always pure by nature, wherever they live that place becomes a pilgrimage. All gods and goddesses wander around in these areas of pilgrimages.

आसनस्था शयाना वा गच्छन्तस्तिष्ठन्तोऽपिवा ।
अश्वारुढाः गजारुढाः सुषुप्ता जाग्रतोऽपिवा ।। १३६ ।।

Āsanasthā Śayānā Vā Gacchantastiṣṭhanto'pivā I
Aśvāruḍhā: Gajāruḍhā: Suṣuptā Jāgrato'pivā II 136 II

आसन पर बैठे हुए या लेटे हुए खड़े रहते या चलते हुए हाथी या घोड़े पर सवार हुए जाग्रतावस्था में या (निद्रावस्था) सुषुप्तावस्था में भी साधक को गुरुगीता का जप-पाठ करते रहना चाहिए।

One should continuously chant Guru Gītā while sitting on one’s seat, or while lying down, walking, or riding on an elephant, or a horse, while being awake (waking state), or even while sleeping (deep sleep state).

शुचिभूता ज्ञानवन्तो गुरुगीतां जपन्ति ये ।
तेषां दर्शनसंस्पर्शात् पुनर्जन्म न विद्यते ।। १३७ ।।

Śucibhūtā Jñānavanto Gurugītāṃ Japanti Ye I
Teṣāṃ Darśanasaṃsparśāt Punarjanma Na Vidyate II 137 II

जो पवित्र ज्ञानवान् मनुष्य इस गुरुगीता का जप करते हैं उनके दर्शन और स्पर्श से पुनर्जन्म नहीं होता। ऐसे व्यक्ति के दर्शनों का भी सौभाग्य समझना चाहिए।

By seeing or touching those pure realized (knowledgeable) saints who sincerely chant Guru Gītā, escapes from the cycle of rebirth and death; they do not take another birth. One should consider even the sight of such pure souls (darśana) as a great fortune.

कुशदूर्वासनेदेवि ह्यासने शुभ्रकम्बले ।
उपविश्य ततो देवि जपेदेकाग्रमानसः ।। १३८ ।।

Kuśadūrvāsanedevi Hyāsane Śubhrakambale I
Upaviśya Tato Devi Japedekāgramānasa: II 138 II

हे पार्वती—गुरुगीता का जप करते समय शिष्य को कुश या दूर्वा आसन पर सफेद कंबल बिछाकर अथवा पीले ऊनी आसन पर बैठकर एकाग्र चित्त से इस गुरुगीता का जप करना चाहिए।

O’ Devi, while chanting (or reading) Guru Gītā, the student should sit and focus on a seat (on the floor) that is made up of kuśa or dūrvā (Sanskrit: big cordgrass or bermuda grass) and yellow-colored wool.

शुक्लं सर्वत्र वै प्रोक्तं वश्ये रक्तासनं प्रिये ।
पद्मासने जपेन्नित्यं शान्तिवश्यकरं परम् ।। १३९ ।।

Śuklaṃ Sarvatra Vai Proktaṃ Vaśye Raktāsanaṃ Priye I
Padmāsane Japennityaṃ Śāntivaśyakaraṃ Param II 139 II

सामान्यतया पीला या सफेद ऊनी आसन उचित है। क्योंकि सफेद या पीला रंग शीतलता का प्रतीक है। परन्तु वशीकरण में लाल आसन आवश्यक है, हे प्रिये शान्ति की प्राप्ति के लिए या वशीकरण में नित्य पद्मासन में बैठकर जप करें तो अच्छा है।

Typically, a yellow or white colored woolen seat is appropriate as these two colors represent coolness. But for vaśīkaraṇa (Sanskrit: practices for attraction, peace, or subjugation) one should regularly sit in a lotus pose on a red-colored seat, floor-cushion, and focus on Guru Gītā.

वस्त्रासने च दारिद्रयं पाषाणे रोगसंभवः ।
मेदिन्यां दुःखमाप्नोति काष्ठे भवति निष्फलम् ।। १४० ।।

Vastrāsane Ca Dāridrayaṃ Pāṣāṇe Rogasaṃbhava: I
Medinyāṃ Duḥkhamāpnoti Kāṣṭhe Bhavati Niṣphalam II 140 II

कपड़े के आसन पर बैठकर जप करने से दारिद्रता आती है । पत्थर के आसन पर रोग, जमीन (पृथ्वी) पर बैठकर जप करने से दुःख आता है और लकड़ी के आसन पर किये

हुए जप निष्फल होते हैं । अतः बिना विधि विधान से किया गया कार्य कभी सफलता नहीं देता ।

A person becomes poor when he does japa (Sanskrit: chanting) on a cloth-seat (in Sanskrit: āsana). It brings upon poor health if he does japa on a rock and gets suffering if he does japa sitting on the floor. If he does japa while sitting on a wooden seat, it makes his actions unfruitful. Therefore, doing activities without proper methods never brings upon success.

कृष्णाजिने ज्ञानसिद्धिः मोक्षश्री व्याघ्रचर्मणि ।
कुशासने ज्ञानसिद्धिः सर्वसिद्धिस्तु कम्बले ।। १४१ ।।

Kṛṣṇājine Jñānasiddhi: Mokṣaśrī Vyāghracarmaṇi I
Kuśāsane Jñānasiddhi: Sarvasiddhistu Kambale II 141 II

जैसे काले मृगचर्म और दर्भासन पर बैठकर जप करने से ज्ञान की सिद्धि होती है, व्याघ्र चर्म पर जप करने से मुक्ति होती है। किन्तु कंबल के आसन ऊपर पीले ऊनी पर सर्वसिद्धि होती है।

A person obtains Self-knowledge when he does japa sitting on a deerskin or dūba or dūrvā (Sanskrit: bermudagrass) seat. An individual attains liberation if he does japa while seated on a tiger-skin cushion. However, one attains realization (perfection or actualization) of all his actions (karma) if he does japa when sitting on a yellow woolen cloth kept on a blanket.

आग्नेय्यां कर्षणं चैव वायव्यां शत्रुनाशनम् ।
नैर्ऋत्यां दर्शन चैव ईशान्यां ज्ञानमेव च ।। १४२ ।।

Āgneyyāṃ Karṣaṇaṃ Caiva Vāyavyāṃ Śatrunāśanam I
Nairṛtyāṃ Darśana Caiva Īśānyāṃ Jñānameva Ca II 142 II

पूर्व और दक्षिण के बीच अग्निकोण की ओर मुख करके जप-पाठ करने से आकर्षण, उत्तर और पश्चिम के बीच वायव्य कोण की ओर मुख करके जाप-पाठ करने से शत्रु का नाश, दक्षिण और पश्चिम के बीच नैर्ऋत्य कोण की तरफ मुख करके भगवान के दर्शन, उत्तर-पूर्व के बीच ईशान कोण की ओर मुख करके बैठने से ज्ञान व सर्वगुणों की प्राप्ति होती है।

